## खबर संक्षेप

### नीलोखेड़ी में आक्रोश सम्मेलन आयोजित

**नीलोखेड़ी।** लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के विरोध में कांग्रेस द्वारा विरोध किए जाने के रोष स्वरुप जन आक्रोष महिला सम्मेलन का आयोजन कर इडी गठबंधन का महिलाओं द्वारा पुतला फूंक कर विरोध जताया गया।इस अवसर पर भाडपा की प्रदेश भाजपा की महामंत्री अर्चना गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल के विरोध की कीमत कांग्रेस सहित इडी गठबंधन को 2029 के आम चुनाव में महिलाएं अपनी वोट की ताकत से सबक सिखाएगी। इस अवसर पर करनाल की मेयर रेणुबाला गुप्ता, कार्यक्रम की संयोजिका रेखा चौहान सहित, जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, जिला प्रवक्ता एवं मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिव नाथ कपूर, केवल कृष्ण, सनमीत कौर आहुजा, महिला प्रमुख संयोगिता गुप्ता, प्रियंका काठपाल सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

### जिप वार्ड-10 उपचुनाव में 4 उम्मीदवार मैदान में

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जिला परिषद वार्ड नंबर-10 के उपचुनाव के लिए दाखिल कुल 5 नामांकन पत्रों में से एक उम्मीदवार द्वारा नाम वापस लेने के बाद अब 4 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। उन्होंने बताया कि शेष उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। बंसी लाल को पतंग, गुरमीत सिंह को उगता हुआ सूरज, पाल सिंह को स्कूटर तथा अक्षय को मटका चुनाव चिन्ह दिया गया है। प्रशासन की ओर से चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### प्रो. संजीव शर्मा नोडल अधिकारी नियुक्त

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के प्रो. संजीव शर्मा, तत्काल प्रभाव से ज्ञान भारतम् मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु क्षेत्रीय रिपॉजिटरी का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। प्रो. संजीव शर्मा ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपने के लिए कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और समर्पण के साथ करेंगे तथा पांडुलिपि सर्वेक्षण से संबंधित कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से आगे ढ़ाएंगे।

### 30 अप्रैल तक पोर्टल पर दर्ज करें स्व गणना

**लाडवा।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि जनगणना केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि देश की प्रगति का आधार है। दुनिया के इस सबसे बड़े जनगणना अभियान में आमजन की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए सरकार ने इस बार नागरिकों को सेल्फ एन्यूमरेशन यानी स्व गणना की सुविधा दी है, जिसके लिए आगामी 30 अप्रैल तक आधिकारिक पोर्टल खुला रहेगा। कोई भी नागरिक पोर्टल पर स्व जनगणना कर सकता है।

# अधिकारियों को समस्या समाधान के दिए निर्देश

## महापौर रेणु बाला ने नागरिकों से संवाद कर सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

शहर की जनसमस्याओं के समाधान को लेकर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने मंगलवार को अपने कार्यालय में नागरिकों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान नगर निगम के विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने दोहराया कि समाज के प्रत्येक वर्ग की समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेकर उनके समाधान की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

■ नगर निगम सीमा क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली

इस दौरान महापौर ने नगर निगम सीमा क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और उपस्थित नागरिकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सरकार की जनहितकारी योजनाओं के प्रति आमजन को निरंतर जागरूक किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स, जल कर, भवन मानचित्र, स्वामित्व योजना, शहर के सौंदर्यकरण, पार्कों के रखरखाव, पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था, सीवरेज सिस्टम, अतिक्रमण हटवाने, सड़कों के चौड़ीकरण तथा विभिन्न प्रस्तावित निर्माण एवं विकास कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया।


करनाल। नागरिकों की शिकायतें सुनते हुए महापौर रेणु बाला गुप्ता ।

### ये रहे मौजूद

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नगर निगम जनता की समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य कर रहा है। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी, पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# मोहिनी एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में जुटे श्रद्धालु



■ भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन भी किया गया

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई। मंदिर को फूलों से सजाया गया और बाबा श्याम के स्वरूप को आकर्षक रूप दिया गया।

श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से शाम तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन भी किया गया। पंडित दीपक पांडे ने बताया कि मोहिनी एकादशी भगवान विष्णु के मोहिनी अवतार से जुड़ी है और इस दिन व्रत व पूजा करने से व्यक्ति को सुख-समृद्धि और मानसिक शांति प्राप्त होती है।

मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने बताया कि मंदिर में हर एकादशी पर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है और दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस अवसर पर महेंद्र गुप्ता, अनिल गर्ग, रामकरण गोयल, अनुपम त्रिपाठी, पंडित उमेश पांडे, पवन गुप्ता, राजेश सिंगला व हरीश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर एडीसी सख्त, बैरिकेडिंग के दिए निर्देश

■ ई-रिक्शा चालकों को सड़क नियमों के प्रति जागरूक करने के अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर में जहां कहीं सड़कों का कार्य जारी है वहां बैरिकेडिंग जरूर कराई जाए ताकि किसी भी प्रकार के हादसे की आशंका न रहे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उन्होंने ई-रिक्शा चालकों को सड़क नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। यदि कोई चालक नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ चालान किया जाए। बैठक में बताया गया कि मार्च 2026 में पुलिस द्वारा 28 हजार 670 चालान काटे गए और 87 लाख 26 हजार 300 रुपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा आरटीए द्वारा 203 चालान कर एक करोड़ 10 लाख 35 हजार 450 रुपये जुर्माना वसूला गया।

आईआरएडी के अनुसार जनवरी से मार्च 2026 तक 161 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 78 लोगों की मौत हुई। एनएच-44 पर खुले नालों को कवर करने और अवैध कट पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।


करनाल। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते एडीसी डॉ. राहुल रईया।

### ये रहे मौजूद

बैठक में एसडीएम करनाल देवेंद्र शर्मा, घरौंडा के राजेश सोनी, इंद्री के रमन गुप्ता, नीलोखेड़ी के अशोक कुमार, असंध सुमित सिहाग, रोडवेज जीएम कुलदीप, आरटीओ विजय देशवाल, डीएसपी राजीव, जीएम स्मार्ट सिटी रामफल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 'लाइसेंस' का डांस ट्रैक 'गुंड्यां में बसंती' रिलीज

**करनाल।** हरियाणवी फिल्म 'लाइसेंस' के गानों को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया के बाद अब फिल्म का नया हाई-एनर्जी डांस ट्रैक 'गुंड्यां में बसंती' रिलीज कर दिया गया है। इस गाने में डांसिंग सेंसेशन गोरी नागोरी के साथ मासूम शर्मा और अभिनेता यशपाल शर्मा नजर आ रहे हैं। जोशीले म्यूजिक और आकर्षक कोरियोग्राफी से सजा यह गाना दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है और फिल्म के प्रति उत्साह को और बढ़ा रहा है। गाने को मासूम शर्मा ने कंपोज किया है और नरेंद्र भगाना व स्वरा वर्मा के साथ मिलकर आवाज दी है। इसके बोल अमर कर्णवाल ने लिखे हैं, जबकि पिन्ना म्यूजिक के संगीत निर्देशन ने इसे आधुनिक अंदाज दिया है। मासूम शर्मा ने कहा कि यह गाना फिल्म की ऊर्जा और एटीट्यूड को दर्शाता है और दर्शकों को झूमने पर मजबूर करेगा। वहीं स्वरा वर्मा ने इसे जीवंत अनुभव बताते हुए कहा कि इस गाने में उन्हें नई शैली में गाने का अवसर मिला। नरेंद्र भगाना ने इसे पूरी तरह एंटरटेनिंग ट्रैक बताया।

# एचपीवी टीकाकरण को लेकर जागरूकता जरूरी : उपायुक्त

*राजकीय कन्या विद्यालय में कार्यक्रम*

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण बेहद जरूरी है। उन्होंने छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। यह टीकाकरण सुरक्षित है और इसका लड़कियों के स्वास्थ्य पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता।

डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड करनाल तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा 14 व 15 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है और इसे शत-प्रतिशत पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीकाकरण को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करें और आमजन को इसके सकारात्मक परिणामों की जानकारी दें। शिक्षा विभाग को स्कूलों में जागरूकता गतिविधियां बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। मोनिका शर्मा, कार्यवाहक सीएमओ शशि गर्ग, डॉ. अभय अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भी छात्राओं और अभिभावकों को टीकाकरण के फायदे बताए।


करनाल। छात्राओं व अभिभावकों को संबोधित करते डीसी डॉ. आनंद कुमार।

### साझा किया अनुभव

कार्यक्रम में सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित आशा वर्कर रीटा ने कहा कि यह बीमारी बेहद कष्टदायक होती है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी का एचपीवी टीकाकरण पहले ही करवा लिया था।

उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का टीकाकरण अवश्य करवाएं ताकि उनका स्वास्थ्य बना रहे।

# तरावड़ी उप-चुनाव को लेकर धारा 163 लागू

■ नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी

करनाल जिला प्रशासन ने तरावड़ी नगरपालिका के वार्ड नंबर 08 में होने वाले उप-चुनावों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। जिलाधीश डॉ आनंद कुमार शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वार्ड नंबर 08 के पूरे क्षेत्र में हथियारों को लेकर निषेधाज्ञा जारी की है।

जारी आदेशों के अनुसार, उक्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र , तलवारें, बर्छा, भाला, चाकू, लाठी, साइकिल चेन या अन्य कोई भी ऐसी वस्तु जिसे हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता हो, उसे सार्वजनिक स्थानों पर ले जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

यह प्रतिबंध चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक यानी 13 मई, 2026 तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस और अन्य सरकारी कर्मचारी, सिख धर्म के अनुयायियों द्वारा धारण की जाने वाली सशस्त्र कृपाण पर लागू नहीं होगे।

यदि कोई भी व्यक्ति इन आदेशों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई और अभियोजन चलाया जाएगा।

### स्वर्ग धाम सेक्टर-5 में पहले हरित शवदाह गृह का होगा ट्रायल

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर सेक्टर-5 स्थित स्वर्ग धाम में निर्मित पहले हरित शवदाह गृह का तकनीकी ट्रायल किया जाएगा। इस ट्रायल के दौरान बिना किसी डेड बॉडी के केवल चैम्बर में नियंत्रित रूप से आग जलाकर उसकी कार्यप्रणाली, विश्वसनीयता और उपयोग किए गए मैटेरियल की गुणवत्ता का परीक्षण किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हरित शवदाह गृह में तापमान, वायु प्रवाह और संरचनात्मक मजबूती पूरी तरह से मानकों के अनुरूप है, ताकि शव का दाह संस्कार सुरक्षित, पूर्ण और पर्यावरण-अनुकूल तरीके से किया जा सके। इस परीक्षण में चैम्बर के अंदर तापमान की क्षमता, हीट रिटेंशन, धुएं के निष्कासन की व्यवस्था और उपयोग किए गए फायरब्रिक्स व अन्य निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का आकलन किया जाएगा।

# किसानों पर नई-नई शर्तें थोपी जा रहीं : भूपेंद्र हुड्डा

■ पूर्व सीएम बोले, 2013 में कांग्रेस सरकार ने 87 लाख मैट्रिक टन से ज्यादा की गेहूं खरीद की थी

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| इंद्री

सिंचाई विभाग के विश्राम गृह इंद्री मे पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि 2013 में कांग्रेस सरकार ने 87 लाख मैट्रिक टन से ज्यादा की गेहूं की खरीद की थी। लेकिन जब से भाजपा सत्ता में आई है, सरकारी खरीद का आंकड़ा लगातार घटता जा रहा है।

इस बार भी सरकार ने मात्र 72 लाख मैट्रिक टन खरीद का ही टारगेट रखा है, यानी कांग्रेस के मुकाबले 15 लाख मीट्रिक टन कम। इससे स्पष्ट है कि फसलों की खरीद व किसानों को एमएसपी देने के मामले में बीजेपी कांग्रेस के सामने कहीं नहीं ठहरती। हुड्डा ने बताया कि सिर्फ खरीद ही नहीं, पेमेंट में भी सरकार देरी कर रही है। अब तक मात्र 36 प्रतिशत खरीद की ही पेमेंट हुई है। सुचारू रूप से खरीद करने की बजाए किसानों पर नई-नई शर्तें थोपी जा रही हैं। सरकार ने किसानों पर पहले पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन, फिर गेट पास, उसके बाद बायो-मेट्रिक, ट्रेक्टर नंबर, वेरिफिकेशन और गारंटर जैसी अनगिनत शर्तें थोपी हैं। कांग्रेस मांग कर रही है कि सुचारू रुप से खरीद व समय पर पेमेंट की जाए । हुड्डा ने बताया कि कांग्रेस विधायक दल ने माननीय राज्यपाल से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा है। क्योंकि महिला आरक्षण बिल 2023 में ही पास हो चुका था, जो कानून बन चुका है।

## न्यूज डायरी

### श्रीमद् भागवत कथा एवं भंडारे का आयोजन



**तरावड़ी।** सरस्वती राइस इंडस्ट्रीज तरावड़ी द्वारा बाबा बंसी वाले अन्नपूर्णा आश्रम हरिद्वार में श्रीमद् भागवत कथा एवं भंडारे का 25 अप्रैल से आयोजन किया गया, जिसमें तरावड़ी के समाजसेवी शीशपाल गुप्ता एवं श्रीमती अनिता ने मुख्य यजमान के रूप में चतुर्थ दिन की कथा व्यास पीठ पर पूजा अर्चना करके कथा का शुभारंभ किया जिसमे शिरकत की। कथा वाचक आचार्य मिथलेश नन्दन कौशिक ने श्री राम जन्म, श्री कृष्ण जन्म नंदोत्सव तथा राजा बलि के दान की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर रोशनलाल गुप्ता, शीशपाल गुप्ता, प्रदीप गर्ग, संदीप गुप्ता, संजू बंसल, सौरभ गुप्ता, मुकेश गुप्ता, डिम्पल गुप्ता, अंकुश जिंदल, विजय सिंगला, रविन्द्र सिंगला, मनोज गुप्ता, प्रदीप राणा, भास्कर लूथरा, राजेश जैन, प्रवीण गुप्ता, नितेश मंगल, राजेन्द्र राणा सहित सैंकड़ों श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

### नंबरदार धर्मचंद ने दान में दी 7.10 लाख की राशि


इंद्री। तहसीलदार विनोद मेहरा को चेक सौंपते नंबरदार धर्म चंद कांबोज ।

**इंद्री।** इंद्री शहर के समाजसेवी नंबरदार धर्मचंद कंबोज ने अपनी माता मीरा बाई, पिता गुरांदिता की याद में शहर की सबसे पुरानी पाठशाला पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पांच लाख रुपए का दान देकर एक महान परंपरा की शुरुआत की। प्रिंसिपल डॉ.करनैल चंद की अध्यक्षता में स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में तहसीलदार विनोद मेहरा, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम सिंह मंढान, नगर पालिका अध्यक्ष राकेश पाल की उपस्थिति में धर्मचंद कंबोज ने 5 लाख रुपए भेंट किए। इस मौके पर नंबरदार धर्म चंद कांबोज ने कहा कि वह लगातार निस्वार्थ भाव से अपनी पत्नी सुमन देवी के सहयोग से जरूरतमंद लोगों के लिए विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं को आर्थिक सहायता देते रहे हैं। धर्मचंद कंबोज ने बताया कि उन्होंने वर्ष 1958 से लेकर 1968-69 तक इसी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण की और दसवीं कक्षा भी यहीं से उत्तीर्ण की। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय ने उनके जीवन को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्होंने यह सहयोग राशि प्रदान की है। उन्होंने कामधेनु गौशाला को एक लाख दस हजार रुपए व शिवपुरी शमशान घाट में लावारिस लाशों के संस्कार के लिए एक लाख का चेक संबंधित संस्थाओं के संचालकों को भेंट किया।

### बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करना सरकार का उद्देश्य

**इंद्री।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान के अंतर्गत जागरूकता एवं प्रमोशन बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टीकाकरण अभियान का औपचारिक शुभारंभ स्कूल की छात्रा आरजू को टीका लगाकर किया गया। एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने आरजू के साहस की सराहना करते हुए उसे प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे सामान्य कैंसर है। सरकार का मुख्य उद्देश्य देश की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करना है। सरकार की मंशा है कि भारत का हर नागरिक स्वस्थ रहे और सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे आगे बढ़कर अपनी पात्र बेटियों का टीकाकरण सुनिश्चित करवाएं।

## नागरिकों ने की प्रशासन से ट्रैफिक लाइट चालू करवाने की मांग

# लाखों खर्च होने के बाद भी बंद पड़ी ट्रैफिक लाइट

■ आए दिन जाम और दुर्घटनाओं का बना रहता है खतरा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी

शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शामिल जी.टी. रोड टी-पॉइंट और लिंक रोड चौक पर पिछले कई वर्षों से लगी ट्रैफिक सिग्नल लाइट शोपीस बनकर रह गई हैं। नगरपालिका ने लाखों रुपये की लागत से लगाए गए ये सिग्नल कुछ समय तक ही सुचारू रूप से चले, लेकिन अब लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे यहां आए दिन जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इन चौकों पर दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही रहती है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। खासकर इन दिनों गेहूं सीजन के चलते ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य वाहनों की संख्या और बढ़ गई है, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई है। सिग्नल बंद होने के कारण वाहन चालकों को दिशा-निर्देश नहीं मिल पाते और अक्सर अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है। लोगों का कहना है कि पूर्व में इन स्थानों पर कई हादसे भी हो चुके हैं, जिनमें कुछ लोगों की जान तक जा चुकी है। इसके बावजूद न तो ट्रैफिक सिग्नल ठीक किए गए हैं और न ही यहां पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जब सिग्नल लगाने पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे, तो उनकी देखरेख और रखरखाव की जिम्मेदारी भी प्रशासन की ही बनती है। सिग्नल बंद रहने से सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और आम जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा।

लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इन ट्रैफिक लाइटों को दुरुस्त कर पुनः चालू किया जाए। साथ ही, जब तक सिग्नल सही नहीं होते, तब तक चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।



तरावड़ी। पिछले कई सालों से बंद पड़ी तरावड़ी के जीटी रोड़ पर टी पॉइंट की बंद पड़ी ट्रैफिक लाइट।

### टी-20 प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची स्टार क्रिकेट क्लब

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में रविवार को केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के 5वें टी-20 प्रतियोगिता अनौपचारिक मैच के सेमीफाइनल मुकाबले में स्टार क्रिकेट क्लब ने केयूके स्टार को 38 रनों से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टार क्रिकेट क्लब के ओपनर बल्लेबाज राहुल धीमान ने मात्र 53 गेंदों में 97 रन तूफानी पारी खेली जिसमें 11 चौके एवं 5 छक्के शामिल रहे। वहीं विजय जांगड़ा ने 3 चौके लगाकर 21 रन की पारी खेली। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन बनाए। केयूके स्टार की ओर से अंकित ने 2, शमशेर व दीपक थापा ने 1-1 विकेट लिया। केयूके स्टार के ओपनर बल्लेबाज पावर प्ले में ही आउट हो गए।

## खबर संक्षेप

### पुलिस टीम ने ग्रामीणों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में पुलिस की नशा मुक्त अभियान की टीम ने डाडोला गांव के सरकारी स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### कानूनी जागरूकता अभियान शुरू

**पानीपत।** युवा अधिवक्ता निखिल चुघ द्वारा समाज में कानूनी जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से अभियान शुरू किया है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं और विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और आवश्यकता पडने पर उनका सही उपयोग कर सकें। चुघ ने भारत के नए आपराधिक कानूनों 2023 के तहत जमानत और पुलिस प्रक्रिया नामक पुस्तक का लेखन किया है।

### साइबर सुरक्षा का ज्ञान लिया

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर छह स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल में साइबर ठगी से बचाव के महत्वपूर्ण तरीके अपनी कार्यशाला में साइबर एक्सपर्ट डॉ.रक्षित टंडन ने विद्यार्थियों को बड़ी ही रोचक और सरल भाषा में समझाए। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए हमें सोशल मीडिया से दूर रहना आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया।

### दो बच्चों को स्कूल भेजा

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति द्वारा मंगलवार को आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के दो बच्चों का प्रवेश कथा चार एवं छठी कक्षा में एसएस मॉडर्न स्कूल पानीपत में करवाया गया। वहीं, समिति के सदस्य स. हरमिंदर सिंह मिंकी ने कहा कि समिति जरूरतमंद बच्चों को हर संभव सहयोग देती रहेगी।

### एलुमनाई मीट दो को

**पानीपत।** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, हुडा सेक्टर-18 में आगामी दो मई को पूर्व छात्र मिलन समारोह यानि एलुमनाई मीट का आयोजन होगा। वहीं, पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अपने पुराने साथियों और शिक्षकों के साथ पुनः जुड़ सकें तथा यादों को ताज़ा कर सकें। वहीं, कार्यक्रम का संयोजन प्रोफेसर शशि कांता कर रहे है।

### श्री हजूर साहिब यात्रा पांच मई को

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी पहल 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के अंतर्गत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ (महाराष्ट्र) के दर्शन करवाए जाएंगे। आगामी 5 मई को कुरुक्षेत्र से एक विशेष ट्रेन रवाना होगी, जिसे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। वहीं, इच्छुक श्रद्धालु 30 अप्रैल तक सरल हरियाणा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### शिक्षा विभाग की पहल तेज

**पानीपत।** पानीपत जिला के राजकीय विद्यालयों में गत वर्ष से 10 हजार नए दाखिले बढ़ाने के संकल्प को साकार करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने डिस्ट्रिक्ट कल्चरल कोऑर्डिनेटर संदीप रत्तेवाल के साथ आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव बापौली में प्रार्थना सभा के दौरान छात्राओं, अध्यापकों एवं अभिभावकों को संबोधित कर जागरूक किया।

### आपदा ड्रिल आयोजित

**पानीपत।** पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स (पीआरपीसी) द्वारा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड के तकनीकी मानक और विनिर्देश, के सुरक्षा मानक के तहत पानीपत नेप्था क्रेकर में विभिन्न विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आग से निपटने की तैयारियों का आंकलन करने हेतु एक ऑनसाइट आपदा ड्रिल आयोजित की गई।

---

### न्याय की राह पर सरकार, हर शिकायत का होगा समाधान

# किसी के साथ अन्याय नहीं, हर व्यक्ति को मिलेगा न्यायः मंत्री

**बैठक में बारह शिकायतें प्रस्तुत की गईं, जिनमें से पांच का मौके पर ही समाधान कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में सुनवाई करते मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो : हरिभूमि

जिला सचिवालय के द्वितीय तल स्थित कांफ्रेंस हॉल में मंगलवार को जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवाएं) मंत्री कृष्ण बेदी ने की। वहीं, बैठक में बारह शिकायतें प्रस्तुत की गईं, जिनमें से पांच का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि सात शिकायतों को अगली बैठक के लिए लंबित रखा गया। सभी शिकायतकर्ताओं को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया गया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इधर, मंत्री बेदी ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक व्यक्ति को न्याय दिलाना है। वहीं, किसी भी नागरिक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा, हर शिकायत का गंभीरता से, निष्पक्षता व समयबद्ध समाधान किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, नगर निगम आयुक्त डॉ पंकज, भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा आदि उपस्थित रहे।

---

### महिलाओं की प्रतिभा के विरुद्ध है कांग्रेसः सैनी

# करोड़ों माताओं-बहनों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है नारी शक्ति वंदन अधिनियमः मेयर

**पानीपत में आयोजित हुआ भाजपा का जन आक्रोश महिला सम्मेलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला भाजपा कार्यालय श्याम कमल के सभागार में जिला स्तरीय जन आक्रोश महिला सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में मुख्यातिथि हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पानीपत की धरा से ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का शुभारंभ किया था और आज वही बेटी पढ़ लिखकर लोकसभा और विधानसभाओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस व इसके सहयोग विपक्षी दल महिलाओं को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने से रोकना चाहते हैं। इसीलिए गत 17 अप्रैल को भारत की लोकसभा में भारत सरकार द्वारा लाए गए नारी शक्ति वंदन विधेयक को पास नहीं होने दिया।




पानीपत। भाजपा के जन आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुमन सैनी।

#### सदियों से होता आ रहा नारी का शोषण

नगर निगम महापौर कोमल सैनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम उन करोड़ों माताओं, बहनों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है जिन्होंने परिवार और समाज के निर्माण में अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि सदियों से होते आ रहे नारी शोषण के विरुद्ध एकजुट स्वर में आवाज उठाने के लिए ही आज नारी शक्ति यहां एकत्रित हुई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली की धर्मपत्नी गीता कौशिक ने करते हुए कहा कि जब तक लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत भागीदारी नहीं मिल जाती तब तक यह संघर्ष यूं ही जारी रहेगा। कार्यक्रम में जिला परिषद की चेयरपर्सन व कार्यक्रम की मुख्य संयोजक ज्योति शर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधायी सुधार के संग विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का माध्यम बनेगा। सम्मेलन को शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की धर्मपत्नी नीलम ढांडा, विधायक मनमोहन भडाना की धर्मपत्नी प्रीत भड़ाना, नेहा शर्मा, कुसुम भट्ट, पूर्व मेयर अवनीत कौर समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्ध महिलाओं ने संबोधित किया।

---

# अधिकारों के लिए एकजुट हों ब्राह्मणः गौतम

- ब्राह्मण महासंघ की पानीपत जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम।

ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने मंगलवार को जिला पानीपत की कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा धर्मगढ़, मुकेश शर्मा, सुरेश शर्मा उर्फ बबलू, मा.राजेश शर्मा जलालपुर, सुरेंद्र शर्मा शिवनगर, जिला महासचिव के पद पर संजय शर्मा, सतीश वत्स, शिवकुमार शर्मा हुडा सेक्टर 18, जोगिंद्र त्यागी ऊझा, सुधीर वत्स को नियुक्त किया गया है। जबकि जिला सचिव श्यामलाल शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा अंसल, पहल सिंह नोहरा, सुरेश शर्मा जाटल रोड, संजय शर्मा एकता विहार कॉलोनी को बनाया गया है। इसके अलावा सलाहकार समिति में रामपाल शर्मा श्री राम पेंट तथा मा.वासुदेव शर्मा को बनाया गया है। रोहित गौतम सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों से अपील की कि वह ब्राह्मण महासंघ के संगठन को मजबूत एवं बड़ा करने के लिए काम करें ताकि भविष्य में महासंघ द्वारा समाज हित में कार्य किया जा सके।

---

# आईबी कॉलेज में कौशल आधारित इंटर्नशिप पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। आईबी कॉलेज के विद्यार्थी अपने शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

आईबी पीजी कॉलेज में कौशल आधारित इंटर्नशिप पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्किल डेवलपमेंट सेंटर द्वारा इंटर्नशिप सेल के सहयोग से तथा श्री शीतलदास जैन फाउंडेशन के प्रायोजन में आयोजित किया गया। वहीं, कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह को उपप्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक, डॉ. किरण मदान, डॉ. निधान सिंह, डॉ. विक्रम कुमार एवं स्किल डेवलपमेंट कमेटी के संयोजक प्रो. अजयपाल सिंह व इंटर्नशिप कोऑर्डिनेटर सहायक प्रो. माधवी द्वारा पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन पर कॉस्मेटोलॉजी, कुकिंग एवं बेकिंग, स्टिचिंग, इंग्लिश कम्युनिकेशन तथा इलेक्ट्रिकल उपकरणों के मेंटेनेंस जैसे विभिन्न कौशल आधारित कोर्स पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्राचार्य ने कहा कि पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरणा मिली। इस अवसर पर डॉ. चेतना नरूला, डॉ. निर्मला, इंटर्नशिप कोऑर्डिनेटर सहायक प्रो. माधवी, अश्विनी, स्किल कोऑर्डिनेटर शालू, सॉफ्ट स्किल ट्रेनर शिखा, दीप्ति, आंचल, पूनम, विष्णु आदि उपस्थित रहे।

---

# शिखा पांचाल निर्विरोध चुनी गई वार्ड 13 की जिला पार्षद

**पानीपत।** पानीपत जिला परिषद के वार्ड-13 के पार्षद पद के उप चुनाव में मंगलवार को सनौली खुर्द निवासी शिखा पांचाल निर्विरोध जिला पार्षद चुनी गई। गौरतलब है कि वार्ड 13 से भाजपा ने ज्योति प्रजापति को पार्टी का टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा था। जबकि भाजपा के ओबीसी मंडल अध्यक्ष एवं पांचाल समाज के जिलाध्यक्ष विपिन पांचाल की बहन शिखा पांचाल ने सर्वजातिय पंचायत के उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया था। बता दें कि यहां से विपिन पांचाल पिछले करीब छह महीने से दिन-रात चुनाव की तैयारी कर रहे थे। जिसके तहत वह वार्ड के हर गांव में प्रमुख व्यक्तियों व सरपंचों, पूर्व सरपंचों से आशीर्वाद प्राप्त कर चुके थे। इसलिए पार्टी ने अपनी प्रत्याशी ज्योति प्रजापति को चुनावी मैदान से हटा लिया था। वहीं निर्विरोध जिला पार्षद चुने जाने पर शिखा पांचाल व विपिन पांचाल अपनी टीम के साथ सेक्टर 13-17 स्थित भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल पहुंचे। जहां जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट व विधायक मनमोहन भड़ाना की पत्नी प्रीत भड़ाना ने उनका स्वागत किया। वहीं शिखा पांचाल व विपिन पांचाल ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व क्षेत्र की जनता का आभार जताते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे वह पूरी मेहनत व ईमानदारी से पूरा करेंगे।



पानीपत। जिला पार्षद बनने पर खुशी जताते हुए शिखा पांचाल व उनके समर्थक।

---

### बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनाएं विद्यार्थीः डॉ. गुप्ता

# आर्य कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत। प्लेसमेंट ड्राइव में शिकरत करते अतिथि, टीचर्स एंड स्टूडेंट्स।

आर्य पीजी कॉलेज के करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल (सीजीपीसी) द्वारा मंगलवार को प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित हुई। वहीं, प्राचार्य प्रो डॉ. जगदीश गुप्ता ने तारकेश्वर कुमार, रीजनल हेड, आईसीआईसीआई बैंक, दिनेश ब्रांच मैनेजर, मॉडल टाउन शाखा व रजत गुप्ता मैनेजर, एनआईआईटी लिमिटेड का कॉलेज में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। वहीं, यह प्लेसमेंट ड्राइव आईसीआईसीआई बैंक (एसआरएम प्रोग्राम) के लिए एनआईआईटी लिमिटेड के सहयोग से आयोजित की गई, जिसने छात्रों को बैंकिंग क्षेत्र में अपने करियर की शुरुआत करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। प्रो डॉ. गुप्ता ने अपने संबोधन में बताया कि कॉलेज में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सेल विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता और कौशल के अनुसार सही करियर चुनने में मार्गदर्शन प्रदान करता है। वहीं, बारह विद्यार्थियों का चयन शॉर्टलिस्ट किया गया। इस अवसर

---

### शिव महापुराण कथा में गूंजा शिव-पार्वती विवाह प्रसंग

**कुरुक्षेत्र।** अमीन रोड स्थित पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध श्री शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में करवाई जा रही श्री शिव महापुराण कथा में कथाव्यास आचार्य रमेश उनियाल हरिद्वार ने सती द्वारा यज्ञ में अपना शरीर त्यागना, दक्ष यज्ञ विध्वंस, शिव द्वारा अपनी जटा से वीर भद्र को प्रकट करना, सती का पार्वती के रूप में पर्वतराज हिमालय के घर पुर्नजन्म, पार्वती की शिव तपस्या और शिव पार्वती विवाह प्रसंग भजनों सहित विस्तार से सुनाया। पुजारी पंडित उमेश पाठक ने सुबह यजमानों से शिव पूजन करवाकर कथा सहयोगियों का सम्मान किया। व्यासपीठ से आचार्य रमेश उनियाल ने शिव विवाह प्रसंग में हिंदू धर्म में शिव-शक्ति के मिलन की एक अत्यंत पवित्र व दिव्य कथा है, महाशिवरात्रि के रूप में मनाई जाती है।

---

### आधुनिक समाज पर कलंक बाल विवाहः डॉ. विनीता

# बाल विवाह व पॉक्सो अधिनियम के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया

**वक्ताओं ने बाल विवाह के कानूनी पहलूओं और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत




पानीपत। बाल विवाह के खिलाफ शपथ लेते हुए डीएसपीएस के विद्यार्थी।

हुडा सेक्टर 13-17 स्थित दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में कक्षा ग्याहरवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए बाल विवाह अधिनियम और पॉक्सो अधिनियम पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन हुआ। वहीं, विशेषज्ञ व्यक्ति संजय कुमार जिला समन्वयक एमडीडी भारत और सीएसडब्ल्यू, एमडीडी ऑफ इंडिया और पॉक्सो सपोर्ट पर्सन को प्रधानाचार्या डॉ.विनीता तोमर द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सत्कार किया। वक्ताओं ने बाल विवाह के कानूनी पहलूओं और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। असुरक्षित स्थिति में तत्काल कार्यवाही के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए चिल्लाओं, भागो और बताओ के नारे पर जोर दिया गया। जबकि बाल विवाह की जानकारी पुलिस, प्रशासन को देने को जागरूक किया गया।

---

**कथा** हरे कृष्ण महामंत्र का गुणगान कर श्रीकृष्ण भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया

# हर नागरिक को अपने पापों पर पश्चाताप करते हुए परमात्मा की दिखाई राह पर चलते हुए नेक इंसान बनना चाहिएः दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। हरे कृष्ण महामंत्र का गुणगान करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

इस्कॉन कुरुक्षेत्र व इस्कॉन प्रचार समिति पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तहत मंगलवार की सुबह मॉडल टाउन स्थित अशोक गोयल के निवास स्थान से प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ। वहीं हरिनाम संकीर्तन और हरे कृष्ण महामंत्र के गुणगान के साथ भक्तों ने श्रीकृष्ण भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया तथा लोगों को श्रीमद्भागवत कथा एवं भगवान श्रीकृष्ण-बलराम रथयात्रा महोत्सव के प्रति जागरूक किया। प्रभात फेरी विभिन्न मार्गों से होती हुई श्री बबलू बठला के निवास स्थान पर पहुंची, जहां प्रसाद वितरण के साथ प्रभात फेरी को विराम दिया गया। दूसरी ओर, प्रभात फेरी में इस्कॉन कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष साक्षी गोपाल दास ने उपस्थित जनसमूह को श्रीमद्भागवत कथा श्रवण एवं श्रीकृष्ण भक्ति के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कृष्ण भक्तों की टोली हरे कृष्ण महामंत्र का संकीर्तन करते हुए भक्ति में झूमती व नृत्य करती हुई आगे बढ़ रही थी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। दूसरी ओर, श्रीमद्भागवत कथा करते हुए साक्षी गोपाल दास ने अजामिल का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जिसने अंत समय में भगवान का नाम लिया है, वह दंड का अधिकारी नहीं, बल्कि ईश्वर की कृपा का पात्र है। वहीं हर नागरिक को अपने पापों पर पश्चाताप करते हुए परमात्मा की दिखाई राह पर चलते हुए नेक इंसान बनना चाहिए।

---

### जेके मैक्स पेंट्स के नए कैंपेन का अनावरण

**पानीपत।** जेके सीमेंट लिमिटेड की समृद्ध विरासत एवं उत्कृष्टता से प्रेरित जेके मैक्स पेंट्स ने अपने नए ब्रांड कैंपेन मैक्स करो, रिलेक्स करो लॉन्च किया है। पहली बार विज्ञापन में ब्रांड अम्बेसडर बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार नजर आएंगे। नीतीश चोपड़ा, बिज़नेस हैड व्हाइट सीमेंट एंड पेंट्स ने कहा कि मैक्स करो, रिलेक्स करो कैंपेन के साथ हम उन्हें जेके वॉल मैक्स पुट्टी और जेके व्हाईट मैक्स सीमेंट के भरोसेमंद समाधान उपलब्ध कराकर उनके फैसले को आसान बनाना चाहते हैं। इस कैंपेन के साथ जेके मैक्स पेंट्स, पेंटिंग के हर चरण में भरोसे, निरंतरता और परफोर्मेन्स का वादा करता है, ताकि उपभोक्ताओं को अपने चुनाव के बारे में दोबारा न सोचना पड़े।

---

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**श्री सन्दीप कुमार पुत्र श्री कृष्ण निवासी मकान नं.32, न्यू जगन्नाथ विहार, वार्ड नं.9, नजदीक श्री राम चौंक, तहसील व जिला पानीपत।**

**बनाम जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री सन्दीप कुमार पुत्र श्री कृष्ण निवासी मकान नं.32, न्यू जगन्नाथ विहार वार्ड नं0 9 नजदीक श्री राम चौंक पानीपत तह0 व जिला पानीपत ने वारसान तसदीक हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मेरे पिता श्री कृष्ण पुत्र स्व0 श्री बुध सैन दास की मृत्यु दिनाकं 03.11.1999 को हो चुकी है। यह कि श्री कृष्ण पुत्र स्व0 श्री बुध सैन दास की मृत्यु उपरान्त जाईज वारिस इस प्रकार है 1. उर्मिला रानी विधवा पत्नी 2. सन्दीप कुमार पुत्र 3. पंकज कुमार 4. पूजा सपुत्री 5. हिमांशी सपुत्री स्वर्गीय श्री कृष्ण पुत्र श्री बुध सैन दास है। स्व0 कृष्ण की माता श्रीमति कृष्णा देवी पत्नी श्री बुध सैन दास की कृष्ण से काफी समय पहले स्वर्गवास हो चुका है। उपरोक्त वारसान के ईलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है व वारसान की तसदीक द्वारा राजकुमार नम्बरदार पानीपत व लेखराज पटवारी हल्का तरफ इन्सार पानीपत दिनांक 02.01.2024 द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है-1. उर्मिला रानी विधवा पत्नी 2. सन्दीप कुमार पुत्र 3. पंकज कुमार 4. पूजा सपुत्री 5. हिमांशी सपुत्री स्वर्गीय श्री कृष्ण पुत्र श्री बुध सैन दास है । इनके इलावा अन्य कोई वारिस /उत्तराधिकारी नही है। जिसके सम्बंध के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 कार्य दिवस दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा । यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 24-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.133 है।

**तहसीलदार-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

